चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/(प्रोफे० कोर्स)/5860
दिनांक : 02.04.2024

सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित वार्षिक प्रणाली के B.Lib./B.F.A./B.P.E./B.Sc. (Biotechnology)/B.Sc. Hon's (Biotechnology)/B.Sc. (Microbiology)/B.Sc. Hon's (Microbiology)/ B.A.-B.Ed./B.El.Ed./B.Sc.Nursing/B.P.Ed. B.P.T., B.O.T. पाठ्यक्रमों की सत्र 2023–24 की मुख्य एवं बैक पैपर/भूतपूर्व परीक्षा तथा B.M.L.T., B.M.B.R.D.I.T, B.M.M., Post Basic Nursing की बैक पैपर/भूतपूर्व परीक्षा जो माह मई, 2024 से होनी प्रस्तावित है उन परीक्षाओं मे निम्नलिखित बिन्दुओं में अर्ह विद्यार्थीयों को ही सम्मलित किया जायेगा।

(i) उक्त समस्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमो की I/II/III/IV वर्षों की 2023–24की मुख्य परीक्षा।

(ii) उक्त समस्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की I/II/III/IV वर्षों की ऐसे विद्यार्थीयों की बैक पैपर परीक्षा जो वर्ष 2022–23 की मुख्य परीक्षा मे सम्मलित हुआ हो और किसी कारणवश सत्र 2023 की बैक पैपर परीक्षाओं में सम्मलित न हुआ हो।

(iii) उक्त समस्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की I/II/III/IV वर्षों की विगत वर्षों की निर्धारित समयावधि में अर्ह छात्रों की भूतपूर्व परीक्षा।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों की परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 20.03.2024 निर्धारित थी। उपरोक्त बिन्दुओं में अर्ह विद्यार्थीयों के उक्त समस्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमो की I/II/III/IV वर्षों की मुख्य, बैक पैपर/भूतपूर्व परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर ऑन लाईन (On Line) फार्म भरने हेतु **छात्रों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए** निम्नानुसार तिथियाँ विस्तारित की जाती है:–

<u>उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–</u>

1.	विश्वविद्यालय वेबसाइट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	12.02.2024
2.	अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की **विस्तारित अन्तिम तिथि**	08.04.2024
3.	भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि	09.04.2024
4.	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि	10.04.2024

कृपया यह सुनिश्चित कर ले कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस सम्बन्ध में पूर्व में जारी विज्ञप्ति के शेष मद यथावत रहेगें।

02.04.2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार–पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
02. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान, सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
04. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
05. उप कुलसचिव (परीक्षा)।
06. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
09. आशुलिपिक कुलसचिव।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
12. विश्वविद्यालय सूचना पट।
13. अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त नियमों के अनुसार ही फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।

02/04

उप कुलसचिव
(व्यव0परीक्षा)